**Manipur Budget, 2025-26- General Discussion and Demands for Grants-(Manipur), 2025-26**

माननीय सभापति**:** आइटम नंबर 20 सी और डी एक साथ लिये जायेंगे ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति**:** प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ:

?कि अनुदानों की मांगों की सूची के स्तम्भ 2 में मांग संख्या 1 से 50 के सामने दर्शाए गए मान शीर्षों के सम्बन्ध में, 31 मार्च, 2026 को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान संदाय के क्रम में होने वाले खर्चों की अदायगी हेतु आवश्यक राशियों की पूर्ती के लिए अनुदानों की मांगों की सूची के स्तम्भ 3 में दर्शायी गयी राजस्व लेखा और पूँजी लेखा सम्बन्धी राशियों से अनधिक सम्बंधित राशियां, मणिपुर राज्य की संचित निधि में से भारत के राष्ट्रपति को प्रदान की जाए । ?

**Demands for Grants (Manipur) for Year 2025-26 Submitted to the Vote of Lok Sabha**

<image: image001.png>

<image: image002.png>

<image: image003.png>

<image: image004.png>

<image: image005.png>

<image: image006.png>

? (व्यवधान)

माननीय सभापति**:** एक बार मैं फिर रिक्वेस्ट कर रहा हूं । क्या आप मणिपुर बजट पर आप चर्चा करना चाहते हैं?

? (व्यवधान)

माननीय सभापति**:** माननीय मंत्री जी, क्या आप मणिपुर बजट पर कुछ कहना चाहती हैं?

? (व्यवधान)

वित्त मंत्री**;** तथा कॉरपोरेट कार्य मंत्री **(**श्रीमती निर्मला सीतारमण**) :** सर, राष्ट्रपति शासन में आने के बाद मणिपुर के बजट में केन्द्र सरकार द्वारा इस वर्ष के लिए पूरा बजट पेश किया जा रहा है और डिस्कशन्स भी हो रहे हैं । ? (व्यवधान) इससे पहले मणिपुर के लिए वोट ऑन अकाउंट हुआ, मगर इस वर्ष के लिए मणिपुर के लिए पूरा बजट हम अब डिस्कशन में ले रहे हैं । इसलिए मैं उसके दो-तीन मुख्य बिंदु रखना चाहती हूं ।

पहला, एडिशनल बजटरी आउटलेट्स, हम और अतिरिक्त पैसा मणिपुर के लिए डाल रहे हैं । यह मणिपुर के लिए आवश्यक है । यह मणिपुर के कानून-व्यवस्था की बेहतरी और वहां के डेवलपमेंट के लिए यह पैसा जा रहा है । ? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** कृपया आप लोग सुनें । माननीय मंत्री जी मणिपुर के बजट के लिए सरकार के क्या प्रस्ताव हैं, उस पर विचार कर रही हैं ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** औजला साहब, राहुल साहब, मैं आप सब से कह रहा हूं, आप लोग कृपया सुनिए । आपको अपने नेता का सम्मान नहीं है । आपको अगर अपने नेता का सम्मान है, तो कृपया वेल खाली कर दें, मैं आपको बोलने का अवसर दे दूंगा । इस तरह से सदन की कार्यवाही नहीं होगी कि आप सदन के वेल में भी रहें और आपके उप नेता गौरव गोगोई जी खडे रहें ।

? (व्यवधान)

श्रीमती निर्मला सीतारमण **:** सर, मणिपुर के ऊपर विपक्ष के लोग कभी भी कुछ-न-कुछ विषय उठाते रहते हैं, यह उनका हक है । मगर जब सरकार के द्वारा बजट पेश किया जा रहा है, मणिपुर के लिए पैसा दे रहे हैं, मणिपुर के डेवलपमेंट के लिए सोच-विचार करके अच्छा कदम उठा रहे हैं, तो इस बात को सुनने की उनकी क्षमता नहीं है और न ही करेज है । ? (व्यवधान) एडिशनल अलोकेशन मैंने आपके सामने रखा है । ? (व्यवधान) उसमें दो हजार आठ सौ करोड़ रुपये मणिपुर के लिए इस बजट में एडिशनल अलोकेशन के नाम पर केन्द्र सरकार, प्रधानमंत्री मोदी जी की एडवाइस में हम मणिपुर के लिए दे रहे हैं । उसमें 1667 करोड़ रुपये उनके कैपिटल एक्सपेंडिचर के लिए जाएगा, जिससे मणिपुर में एसेट क्रिऐशन होगा ।

1231 करोड़ रुपये रेवेन्यू हेड में जा रहे हैं । ? (व्यवधान) मैं उसका विवरण यहां प्रस्तुत करना चाहती हूं । जिससे इसका महत्व हम समझ पाएंगे । ? (व्यवधान)

सर, इंटरनली डिसप्लेस्ड पर्सन्स मणिपुर में कैम्प्स में रह रहे हैं । उनको सपोर्ट करने और उनके पुनर्वास के लिए हमने 523 करोड़ रुपये रखे हैं । ? (व्यवधान) सिक्योरिटी के लिए 542 करोड़ रुपये दे रहे हैं । ? (व्यवधान) सेन्ट्रल आर्म्ड फोर्सेस के डिप्लोयमेंट के लिए 500 करोड़ रुपये भी दे रहे हैं । ? (व्यवधान) लॉन्ग टर्म पब्लिक फाइनेंस के लिए दे रहे हैं । यह बहुत महत्वपूर्ण है ।? (व्यवधान) मणिपुर के लॉन्ग स्टेंडिंग लोन्स हाई इंटरेस्ट रेट पर हैं । उन हाई इंटरेस्ट लोन्स को क्लीयर करने के लिए 633 करोड़ रुपये हम मणिपुर को दे रहे हैं ।? (व्यवधान) प्री-पेमेंट करके हम हाई इंटरेस्ट लोन्स को क्लीयर कर रहे हैं । इसके अलावा स्पेशल अस्स्टिेंस स्टेट्स को देते हैं, वह 50 साल के लिए इंटरेस्ट फ्री होता है ताकि स्टेट अपने केपिटल एक्सपेंडिचर करवा पाएं । उसके लिए 700 करोड़ रुपये मणिपुर को दे रहे हैं ।? (व्यवधान) इसलिए इस बजट में रेवेन्यू रिसीट्स भी मैं बताना चाहती हूं । 21439 करोड़ रुपये रेवेन्यू रिसीट्स है । ? (व्यवधान) This is 21 per cent lower than the Vote on Account figures that were presented in March, 2025. फिर भी हम केन्द्र सरकार के द्वारा सपोर्ट करके उनको आगे ले जाने की कोशिश कर रहे हैं ।? (व्यवधान) मैं आपसे निवेदन करना चाहती हूं कि आप इस बिल को पारित करें ।? (व्यवधान)

माननीय सभापति**:** अब, मैं वर्ष 2025-26 के लिए मणिपुर राज्य से संबंधित अनुदानों की मांगों को सभा में मतदान के लिए रखता हूं ।

? (व्यवधान)

माननीय सभापति**:** प्रश्न यह है:

?कि अनुदानों की मांगों की सूची के स्तम्भ 2 में मांग संख्या 1 से 50 के सामने दर्शाए गए मान शीर्षों के सम्बन्ध में, 31 मार्च, 2026 को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान संदाय के क्रम में होने वाले खर्चों की अदायगी हेतु आवश्यक राशियों की पूर्ती के लिए अनुदानों की मांगों की सूची के स्तम्भ 3 में दर्शायी गयी राजस्व लेखा और पूँजी लेखा सम्बन्धी राशियों से अनधिक सम्बंधित राशियां, मणिपुर राज्य की संचित निधि में से भारत के राष्ट्रपति को प्रदान की जाए ।?

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

________

? (व्यवधान)